भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 496
04 फरवरी, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आरटी-पीसीआर परीक्षणों की उच्च लागत

496. श्री. एम.पी. अब्दुस्समद समदानि:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस ओर ध्यान दिया है कि विमानपत्तनों पर किए जाने वाले आरटी-पीसीआर परीक्षणों के लिए यात्रियों को भारी राशि का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो विमानपत्तन के बाहर किए जाने वाले परीक्षणों की तुलना में यहां इसकी अपेक्षाकृत उच्च दर होने के कारण क्या हैं;

(ग) क्या सरकार विमानपत्तनों पर उनके बाहर ली जाने वाली सामान्य दर के बराबर दर तय करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): हवाई अड्डों पर परीक्षण नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा समन्वित किया जाता है जिसमें आरटी-पीसीआर/ रैपिड आरटी-पीसीआर की दरें मुख्य रूप से संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, जहां हवाई अड्डे स्थित हैं, द्वारा अधिसूचित दरों के अनुसार होती हैं या संबंधित हवाई अड्डों द्वारा निविदा के माध्यम से निर्धारित की जाती है।

देश भर में रैपिड आरटी-पीसीआर/आरटी-पीसीआर मशीनों और अभिकर्मकों (रिएजेन्ट्स) की व्यापक उपलब्धता के साथ-साथ हवाई अड्डों पर परीक्षण की दरों में भी समय के साथ कमी आई है।

****